हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
31 जुलाई 2024, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हिसार के पुराने सरकारी कॉलेज में शहीद उधम सिंह की प्रतिमा के पास उनके नाम से पुस्तकालय बनाने की घोषणा की ।
- गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक के तौर पर शपथ ली ।
- सीमा सुरक्षा बल में गत 5 वर्षों में 54 हज़ार 760 जवान भर्ती किये गए ।
- हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि, अम्बाला के घरेलू हवाई अड्डे से अयोध्या के लिए पहली उड़ान अगस्त में शुरू होगी ।
- पेरिस ओलंपिक के पांचवे दिन आज भारतीय खिलाडी मुक्केबाज़,तीर अंदाज़ी ,बैडमिंटन और निशानेबाज़ी में स्पर्धा करेंगे।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सिरसा जिले के डेरा बाबा भूमणशाह संगर सरिस्ता में शहीद उधम सिंह और अन्य वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की ।84वें शहीदी महासम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 9वीं कक्षा की इतिहास की पुस्तक में प्रदेश सरकार ने शहीद उधम सिंह जी की जीवनी को शामिल किया है। यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए उनके दिखाए मार्ग पर चल रही है। डबल इंजन की सरकार ने नई योजनाओं को शुरु करके शहीदों के सपनों को पूरा करने का बीड़ा उठाया है।इस दौरान मुख्यमंत्री ने सिरसा, करनाल, रादोर, भुन्ना, कुरुक्षेत्र, रतिया व जगाधरी में निर्माणाधीन कंबोज धर्मशालाओं के लिए 51 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने हिसार के पुराने सरकारी कॉलेज के मैदान में लगी शहीद उधम सिंह की प्रतिमा के पास उनके नाम पर पुस्तकालय बनाने की घोषणा भी की।गांव मुसाहिबवाला से गुजरने वाली घग्गर नदी से रंगोई नाला के विस्तारीकरण की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नाले को निकालने के लिए व्यवहारिकता जांची जाएगी और सभी प्रकार के मापदंड पूरे होने पर सरकार इसे मंजूरी देगी। राष्ट्रीय राजमार्ग -9 से डेरा बाबा भूमण शाह मार्ग को चार मार्गीय बनाने की मांग पर उन्होंने कहा कि अगर जमीन उपलब्ध होगी तो सरकार इसे चार मार्गीय बनाएगी। उन्होंने मुख्यधाम

की ओर जाने वाली सड़क पर बस क्यू शेल्टर बनाने की घोषणा भी की।मुख्यमंत्री ने जनसमूह से शहीदों की जयंती और शहादत दिवस, माता पिता के जन्मदिन व अन्य महत्वपूर्ण दिनों पर वातावरण की शुद्धि के लिए एक-एक पेड़ लगाने का संकल्प लेने की अपील भी की ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज सिरसा ज़िले में रानियां मार्ग स्थित श्री तारा बाबा जी कुटिया में शिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर चल रही विशेष पूजा में शामिल हुए । उन्होंने बाबा जी की समाधि पर शीश नवाया और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

गुलाब चंद कटारिया ने आज पंजाब राजभवन में पंजाब के नए राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक के तौर पर शपथ ली। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू ने उन्हें शपथ दिलाई। श्री कटारिया पंजाब के 30वें राज्यपाल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री भगवंत मान, पंजाब और केंद्रशासित प्रदेश के मंत्री, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

सीमा सुरक्षा बल-BSF में पिछले पांच वर्षों में कुल 54 हज़ार,760 जवानों की भर्ती की गई है।गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आज राज्यसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में बताया कि पिछले पांच वर्षों में BSF में सात हज़ार,372 नए पद सृजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बल में दस हज़ार से ज्यादा रिक्तियां हैं।श्री राय ने कहा कि सरकार ने BSF में कांस्टेबल के पद पर पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के लिए विशेष प्रावधान किया है। दस प्रतिशत रिक्तियां पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित रहेंगी और उन्हें आयु सीमा में तीन साल की राहत तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट दी जाएगी। इसके अलावा अग्निपथ योजना के पहले बैच के उम्मीदवारों को आयु सीमा से पांच वर्ष की और पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट दी जाएगी।

हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि अगस्त महीने से अंबाला के घरेलू हवाई अड्डे से अयोध्या के लिए पहली उड़ान शुरू होगी। उसके बाद जम्मू या अन्य स्थानों के लिए उड़ान शुरू होगी।डॉ गुप्ता, ने पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अंबाला छावनी से विधायक अनिल विज के साथ निर्माणाधीन स्थल के दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे का निर्माण बड़ी तेजी से किया जा रहा हैं । लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित एजेंसियों से बेहतर तालमेल के साथ दिन-रात काम करवाकर हवाई अड्डे का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करवाने को कहा गया है।उन्होंने कहा

कि वे 10 अगस्त को दोबारा स्थिति का जायजा लेंगे। डॉ गुप्ता ने बताया कि कुछ दिन पहले भी उन्होंने वायु सेना के अधिकारियों के साथ अंदर जाकर रनवे के साथ-साथ अन्य सभी चीजों की जानकारी हासिल की थी। उन्होंने कहा कि श्री विज ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर इस परियोजना के लिए सेना से यह जमीन दिलवाई थी।इस मौके पर पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया है कि 15 अगस्त तक इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।श्री गुप्ता और श्री विज ने निशानेबाज सरबजोत सिंह व मनु भाकर द्वारा पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हरियाणा के साथ पूरे देश के लिए गर्व की बात है। श्री विज ने कहा कि लौटने पर सरबजोत सिंह का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

पेरिस ओलंपिक के पांचवे दिन आज भारतीय खिलाड़ी मुक्केबाज़ी, तीर अंदाज़ी, बैडमिंटन और निशानेबाज़ी में स्पर्धा करेंगे।तोक्यो ओलम्पिक में कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज़ लवलीना बोर्गोहाईन का मुकाबला नार्वे की सुन्नीवा हॉफस्टाड से होगा। अनु अग्रवाल आज घुड़सवारी के व्यक्तिगत मुकाबले में भागीदारी करेंगे। पेरिस ओलम्पिक में भारत ने अब तक निशानेबाज़ी में 2 पदक जीते हैं। हरियाणा की मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पहला कांस्य पदक जीता और बाद में मिश्रित टीम स्पर्धा में मनु भाकर ने सरबजोत के साथ दूसरा कांस्य पदक हासिल किया ।

जींद जिले में नरवाना अपराध जांच एजेंसी ने दो अलग-अलग स्थानों से दो नशा तस्करों को काबू करके 830 किलो ग्राम गाँजा बरामद किया है ।। नरवाना अपराध जांच एजेंसी के प्रभारी सुखदेव सिंह की टीम ने बताया कि सुंदरपुरा को जाने वाली सड़क से एक नशा तस्कर को 800 किलोग्राम गांजा सहित काबू किया गया । नशा तस्कर सोमबीर छतीसगढ़ के रायपुर जिले में गांव ओड़का का रहने वाला है , वह अभी हिसार जिले में मिर्चपुर में रह रहा था । नरवाना के पुलिस उप अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि सोमबीर को एक सूचना के आधार पर सुंदरपुरा मार्ग पर रजवाहा पुलिया के नजदीक रोका गया । आरोपी के डंफर की तलाशी लेने पर धान के कट्टों के नीचे छिपाए हुए गांजा के 32 कट्टे मिले।वहीं एक अन्य मामले में नरवाना अपराध जांच एजेंसी की टीम ने जींद में हैबतपुर मार्ग से एक नशा तस्कर को 30 किलोग्राम गांजा सहित काबू ककिया जिसकी पहचान हिसार जिले में मिर्चपुर वासी कृष्ण कुमार के रूप में हुई है।

भारतीय डाक विभाग ने रक्षाबंधन के त्यौहार पर एक नई पहल की है। विभाग ने बहनों के रक्षा सूत्र भेजने के लिए अलग लिफाफे बनाए हैं। जिन पर डाक घर का लोगो छापा गया है। लिफ़ाफ़ों को राखी की आकृति के साथ हैप्पी राखी लिखकर आकर्षक लुक दिया गया है। जींद के मुख्य डाकघर के डाकपाल संजीव कुमार ने बताया कि इन लिफ़ाफ़ों पर बारिश या पानी का कोई असर नहीं होगा , जिससे न तो राखी गीली होगी और न ही यह आसानी से फटेगा। इसे आम लिफाफे की अपेक्षा अधिक मजबुत बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इन लिफ़ाफ़ों की बिक्री के लिए अलग से काउंटर बनाए गए हैं ताकि बहनों को ये लिफाफे लेने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि इसके अलावा डाक विभाग के कर्मियों को आदेश दिए गए हैं कि वें अवकाश के दिनों में भी कार्य करके बहनों के इस रक्षा-सूत्र को उनके भाइयों तक सही समय पर पहुँचाना सुनिश्चित करें।जींद से हमारे संवाददाता के साथ बातचीत में स्थानीय महिलाओं ने इसे डाक विभाग की बहुत ही सार्थक और सराहनीय पहल बताया और कहा कि सामान्य लिफाफे में भेजने से राखी खराब हो जाती थी लेकिन इनके वाटर प्रूफ होने के कारण राखी सुरक्षित पंहुच पाएगी।